लखानऊ विकास प्राधिकरण की बैठक दिनॉक 28 मार्च, 1987
= = = =

विषय संख्या: 1 पृष्ठ संख्या: 01

विषय: लखानऊ विकास प्राधिकरण की
बैठक दिनॉक 12 जनवरी, 1987 के
कार्यवृत्त का पुष्टिकरण ।

x=x=x=x=x

लखानऊ विकास प्राधिकरण की

बैठक दिनॉक 12 जनवरी, 1987 के कार्यवृत्त

को पुष्टि हेतु संलग्न किया जा रहा है ।

लखनऊ विकास प्राधिकरण की बैठक

दिनांक 12 जनवरी, 1987 का

कार्यवृत्त

उपस्थिति :-

1-	श्री बृजेश कुमार	अध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण एवं आयुक्त, लखनऊ मण्डल, लखनऊ।
2-	श्री अखण्ड प्रताप सिंह	सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, आवास एवं नगर विकास विभाग।
3-	श्री गोविन्दन नायर	उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ।
4-	श्री कुँवर फतेह बहादुर	संयुक्त सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, आवास एवं नगर विकास विभाग।
5-	श्री एन0 एस0 जौहरी	मुख्य ग्राम एवं नगर नियोजक, उत्तर प्रदेश।
6-	डा0 वी0एन0 खन्ना	सदस्य, विधान परिषद एवं सदस्य, लखनऊ विकास प्राधिकरण।
7-	श्री राम नगीना सिंह	सदस्य, लखनऊ विकास प्राधिकरण।
8-	श्रीमती उमा त्रिपाठी	सदस्या, लखनऊ विकास प्राधिकरण।

=x=x=x=x=x=x=x

बैठक की कार्यवाही से पूर्व उपस्थित सदस्यो ने अध्यक्ष महोदय को नव-वर्ष की बधाई दी तथा अध्यक्ष महोदय द्वारा समस्त सदस्यों को नर्व-वर्ष की शुभ कामनायें व्यक्त की गई।

विषय संख्या : 1 — लखनऊ विकास प्राधिकरण की बैठक दिनांक 11 दिसम्बर, 1986 के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।

निर्णय: — लखनऊ विकास प्राधिकरण की बैठक दिनांक दिसम्बर 11, 1986 के कार्यवृत्त की पुष्टि निम्नांकित संशोधनो के साथ की गई:

वि0सं0 : 33 — यह पंक्ति भी बढ़ा दी जाये कि समस्त निर्माण के सम्बन्ध में, चाहे वह छोटे भूखण्ड हों या बड़े भूखण्ड हो, का स्थल निरीक्षण किया जाये।

विषय संख्या: 2 — लखनऊ विकास प्राधिकरण की बैठक दिनांक 11 दिसम्बर, 1986 में लिये गये निर्णयों का अनुपालन आख्या।

निर्णय: — निर्देश दिया गया कि आगामी बैठक में अनुपालन आख्या अवश्य प्रस्तुत की जाये।

क्रमशः..2..

विषय संख्या : 3 — लखनऊ विकास प्राधिकरण के आय-व्यय का विवरण।

निर्णय : — प्राधिकरण की आय-व्यय की स्थिति पर विचार किया गया तथा दिनांक 31-12-1986 तक की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया गया। यह भी आदेश दिया गया कि आय पक्ष में हायर परचेज़ की स्थिति, भवन /दूकानों का किराया, भवन चित्र तथा व्यवसायिक केन्द्रो से प्राप्त होने वाली आय के सम्बन्ध में विशेष ध्यान दिया जाये। व्यय पक्ष में विकास कार्य तथा व्यवसायिक केन्द्रों की मदों पर ध्यान दिया जाये।

विचार विमर्श के दौरान यहबिन्दु भी उठाया गया कि दूकानों के आवंटन के सम्बन्ध में बेरोज़गार युवकों के लिये आरक्षण किया जाये और इसके साथ ही शासकीय सहकारी समिति, जैसे उपभोक्ता संस्था, पी0सी0डी0एफ0 तथा आवश्यक वस्तु निगम आदि के लिए व्यवसायिक केन्द्रों में कम दर पर दूकानें दी जायें।

विषय संख्या : 4 — भवन मानचित्रों के सम्बन्ध में प्रगति आख्या ।

निर्णय: — भवन मानचित्रों के सम्बन्ध में विचार-विमर्श उपरान्त यह आदेश दिया गया कि प्रत्येक माह में अवशेष मानचित्रों की संख्या 200 से कमरखने हेतु प्रयास किया जाये तथा तीन माह से अधिक समय से लम्बित मानचित्रों की संख्या अवश्य कम कर दी जाये और इस प्रकार के मामलों की समीक्षा उपाध्यक्ष के स्तर पर समय-समय पर की जाये। यह भी निर्देश दिया गया कि मानचित्रों पर आपत्तियों की सूचना एक ही बार दी जाये और बार-बार आपत्तियां सूचित करने की प्रक्रिया बन्द कर दी जाये।

विषय संख्या: 5 — अनधिकृत निर्माणों के सम्बन्ध में प्रगति विवरण।

निर्णय: — यह देखा गया कि वर्ष 1986-87 में 494 भवन गिराओ आदेश पारित किये जा चुके हैं जिसके विपरीत केवल 92 निर्माण गिराये गये। पूर्व वर्षों की स्थित इससे भी अधिक दयनीय रही है। अत: निर्देश दिया जाता है कि आदेशों के परिपालन के सम्बन्ध में विशेष प्रयास किया जाये।

क्रमश:...3.....

विषय संख्या: 6 — अधिग्रहण सम्बन्धी कार्यों का विवरण।

निर्णय: — विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि ज़िलाधिकारी स्तर पर लम्बित भूमि अर्जन प्रस्तावों की प्राथमिकता सूची बना दी जाये तथा उक्त सूची के अनुसार शासन को अग्रसारित किये जाने के सम्बन्ध में प्रयास किया जाये।

विषय संख्या : 7 — अभियन्त्रण एवं आवन्टन की प्रगति आख्या।

निर्णय: — अभियन्त्रण विभाग तथा सम्पत्ति विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची पर सन्तोष व्यक्त किया गया तथा यह निर्देश दिया गया कि उक्त सूची को संक्षिप्त कराकर, कागज़ की बचत करते हुए प्रत्येक बैठक में प्रस्तुत किया जाये। विचार-विमर्श के दौरान यह भी आदेश दिये गये कि अनावन्टित भवनों तथा भूखण्डों को आवंटित करने की शीघ्र कार्यवाही की जाये तथा विकसित क्षेत्रों में निबन्धन तथा अनुबन्ध के लिये भी शीघ्र समुचित कार्यवाही की जाये। विकास कार्यों के सम्बन्ध प्रस्तुत की गई समय सारिणी के अनुसार कार्यवाही की जाये तथा समय समय पर इसकी समीक्षा उपाध्यक्ष के स्तर पर भी सुनिश्चित की जाये।

विषय संख्या: 8 — प्रताप गृह-निर्माण समिति की भूमि को अर्जन से मुक्त करने के सम्बन्ध में।

निर्णय: — विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया कि शासन की स्पष्ट नीतियों के अनुरूप समस्त गृह निर्माण समितियों के मामले निस्तारित किये जायें। इस हेतु एक उप-समिति गठित की गई जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा डा० वी० एन० खन्ना सदस्य होंगें। उक्त समिति एक सप्ताह के अन्दर समस्त सहकारी गृह निर्माण समितियों से सम्बन्धित प्रकरणों पर विचार करके निस्तारण की कार्यवाही करेगी।

विषय संख्या : 9 — जनपथ मार्केट की एप्रोच रोड के सम्बन्ध में।

निर्णय : — विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि जनपथ मार्केट के लिए हज़रतगंज की ओर से समुचित एप्रोच उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में पूर्व प्रेषित योजना के गुणावगुण पर पुन:परीक्षण किया जाये और यदि उचित समझा जाये तो शासन को पुन:प्रेषित किया जाये। योजना से विस्थापित व्यक्तियों को पुर्नवास हेतु समुचित व्यवस्था भी कर ली जाये।

क्रमश :.....4

विषय संख्या : 10 — पट्टों के किराये में छूट दिये जाने के सम्बन्ध में

निर्णय : — समयाभाव के कारण विषय स्थगित किया गया।

विषय संख्या : 11 — भूखण्ड संख्या : बी-10, एच रोड, महानगर विस्तार योजना के सम्बन्ध में।

निर्णय : — विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि चूँकि अतिरिक्त ज़िलाधिकारी द्वारा भूखण्ड की दरें "रू0 12/- प्रति वर्गफुट के आसपास" सूचित किया गया है, अत: विक्रय मूल्य रूपया 11.10 पैसा प्रति वर्गफुट के हिसाब से मूल्यांकन किया जाये।

विषय संख्या : 12 — ला-प्लास योजना के सम्बन्ध में प्राप्त आपत्ति पर विचार।

निर्णय : — इस विषय पर विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि ला-प्लास योजना के जल-भराव की समस्या के सम्बन्ध में किसी विशेषज्ञ से रिपोर्ट प्राप्त कर ली जाये तथा निर्णयार्थ विकास प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत की जाये। इस सम्बन्ध में डा0 वी0 एन0 खन्ना द्वारा आपत्ति उठाई गई कि कदाचित इस विषय में बहुखण्डी योजना तैयार करते समय परीक्षण कर लिया गया होगा, अत: इस मामले में पुन: परीक्षण की आवश्यकता नहीं है।

विषय संख्या: 13 — लखनऊ विकास प्राधिकरण में अर्जन विभाग मे अमीनों एवं पेनकारों के पद सृजित किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव।

निर्णय : — विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि पूर्ण औचित्य के साथ विषय आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाये।

हस्ताक्षर /---

§ गोविन्दन नायर §
उपाध्यक्ष

अनुमोदित
हस्ताक्षर /----

§ बृजेश कुमार §
आयुक्त, लखनऊ मण्डल एवं
अध्यक्ष
लखनऊ विकास प्राधिकरण,
लखनऊ।

विषय संख्या: 2

लखनऊ विकास प्राधिकरण की बैठक दिनांक 11 दिसम्बर, 1986 में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या

क्रम संख्या	विषय	लिये गये निर्णय का सारांश	अनुपालन आख्या
1-वि0स0:5	गोमती नगर योजना में होटल हेतु भूमि उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में ।	इन्डियन होटल ग्रुप को 5 एकड़ भूमि गोमती नगर योजना में 5 सितारा होटल हेतु उपलब्ध करा दी जाये । इसके अतिरिक्त 25 एकड़ भूमि की जो माँग की गई है, उसके लिये टर्मस ऐण्ड कन्डीशन्स बनाकर पहले प्राधिकरण से अनुमोदित करा ली जायें ।	लिये गये निर्णय का अनुपालन किया जा रहा है । कार्यवाही प्रगति पर है । मे0 इन्डियन होटल ग्रुप्स को 25% धनराशि जमा करने हेतु 28-2-1987 तक की समयवृद्धि प्रदान की गई है । टर्मस ऐण्ड कन्डीशन्स को अन्तिम रूप दिये जाने की कार्यवाही प्रगति पर है ।
2- वि0स0:6	विभिन्न व्यक्तियों को अर्जित भूमि के बदले विकसित भूमि दिये जाने के सम्बन्ध में ।	जिन व्यक्तियों की भूमि प्राधिकरण द्वारा अर्जित की जाती है उन्हे विकसित भूमि नियमानुसार प्रीमियम एवं ब्याज की गणना करके प्रदान की जाये ।	लिये गये निर्णय का कार्यान्वयन किया जा रहा है । जैसे-जैसे इस प्रकार के मामले प्राप्त हो रहे हैं उन्हे इसी आधार पर निस्तारित किया जा रहा है ।
3- वि0स0:7	श्री गोपाल शर्मा, क्रिकेट खिलाड़ी को रियायती दर पर भूमि आवन्टन के सम्बन्ध में ।	श्री शर्मा को रियायती दर पर भूमि उपलब्ध कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई तथा इस सम्बन्ध में गाइड-लाइन्स बनाये जाने के भी निर्देश दिये गये ।	अनुपालन किया गया । श्री शर्मा को सूचना भेज दी गई है तथा गाइड-लाइन्स बनाये जाने की कार्यवाही की जा रही है ।
4- वि0स0:8	श्री जीवेन्द्र नाथ कौल को भूखण्ड आवन्टन के सम्बन्ध में ।	प्रस्ताव के अनुरूप भूमि आवन्टित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई ।	पक्षा को इस सम्बन्ध में सूचित कर दिया गया है । अन्य कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है ।

क्रमशः:——

1	2	3	4
5	वि0स0:9	दिनॉक 14-8-86 को परिचालन व्दारा पारित प्रस्ताव का अनुमोदन ।	प्रस्ताव अनुमोदित किया गया	प्रस्ताव पर कार्यवाही प्रगति पर है ।
6	वि0स0:10	स्व0श्री प्रभु दयाल सेवानिवृत्त सुपरवाइजर को हेडमाली के पद में प्रत्यावर्तित करने के सम्बन्धा में ।	प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की गई ।	कार्यवाही प्रगति पर है ।
7	वि0स0:11	कास्टिंग विभाग में पदों की स्वीकृति के सम्बन्धा में ।	प्रस्तावित अर्हताओं के साथ पदों की स्वीकृति प्रदान की गई ।	निर्णयानुसार कार्यवाही की जा रही है ।
8	वि0स0:12	चतुर्थ श्रेणी वर्ग के पदों के सृजन के सम्बन्धा में ।	पदों के सृजन हेतु संस्तुति की गई एवं संस्तुतियां शासन को भेजने हेतु निर्देश दिये गये ।	शासन को निर्णयानुसार संस्तुतियां प्रेषित कर दी गई है ।
9	वि0स0:13	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के साइकिल भत्ते में वृद्धि के सम्बन्धा में ।	साइकिल भत्ता रू0 20/- प्रतिमाह से बढ़ाकर रू0 40/- प्रतिमाह किया गया ।	निर्णय के अनुपालन में चतुर्थ श्रेणी वर्ग के कर्मचारियों को रू0 40/- प्रतिमास साइकिल भत्ता दिया जा रहा है ।
10	वि0स0:14	स्टेटिसटिकल सेल की स्थापना के सम्बन्धा में ।	मुख्य ग्राम एवं नगर नियोजन विभाग से अभ्यर्थी प्राप्त करने का निर्णय लिया गया ।	निर्णय के अनुपालन में मुख्य ग्राम एवं नगर नियोजक को पत्र भेज दिया गया है ।
11	वि0स0:15	मलिन बस्ती निपातन सेल हेतु नियुक्ति में शैक्षिक योग्यता में शिथिलता प्रदान करने के सम्बन्धा में ।	शैक्षिक योग्यता में शिथिलता दिये जाने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया ।	निर्णयानुसार अनुपालन किया गया ।

क्रमश:-----

1	2	3	4
12	वि0स0:16 कर्मचारी कल्याण निधि की स्थापना के सम्बन्ध में ।	प्रस्तावानुसार स्वीकृति प्रदान की गई ।	कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है ।
13	वि0स0:17 पार्कों के रख-रखाव के सम्बन्ध में ।	पार्कों का रख-रखाव अन्य संस्थाओं व्दारा कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई ।	निर्णयानुसार कार्यवाही प्रगति पर है । टर्मस एवं कन्डीशन्स तैयार कर ली गई है ।
14	वि0स0:18 वार्षिक लेखा एवं बैलेन्स शीट 83-84 का सम्परीक्षण ।	एकाउन्टेन्ट जनरल की स्वीकृति प्राप्त करने के निर्देश दिये गये ।	निर्णयानुसार कार्यवाही की जा रही है ।
15	वि0स0:19 उद्व्यान विभाग हेतु एक ट्रैक्टर क्रय हेतु ।	क्रय की स्वीकृति प्रदान की गई एवं बड़ी खरीद के मामलों में निविदा समिति का सदस्य सचिव को रखे जाने का निर्देश दिया गया ।	ट्रैक्टर खरीद की कार्यवाही की जा रही है । भविष्य में बड़ी खरीद के मामलों में सचिव भी निविदा समिति के सदस्य रहेंगे ।
16:	वि0स0:20 उ0प्र0 योजना एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा-56 (1) के अधीन दस्तावेजों एवं मानचित्रों के निरीक्षण के सम्बन्ध में ।	बनाई गई नियमावली में आवश्यक संशोधन करने हेतु उपाध्यक्ष को अधिकृत किया गया तथा संस्तुतियाँ शासन को भेजने हेतु निर्देश दिये गये ।	निर्णयानुसार कार्यवाही की जा रही है ।
17:	वि0स0:21 यू0पी0एस0ई0बी0 के चेयरमैन या प्रतिनिधि को बैठक में बुलाये जाने के सम्बन्ध में ।	स्पेशल इनवाइटी के रूप में बुलाये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई ।	बिजली से सम्बन्धित कोई मामला प्राधिकरण के विचाराधीन होने पर स्पेशल इनवाइटी के रूप में, निर्णयानुसार बुलाया जावेगा ।

क्रमशः----

1	2	3	4
18	वि0स0:22	यू0पी0अर्बन डेवलपमेन्ट एवं वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट के अन्तर्गत ऋण प्राप्त प्राप्त करने एवं विकास कार्यों के सम्बन्धा में ।	ऋण प्राप्त करने एवं विकास कार्य करने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई ।	निर्णयानुसार कार्यवाही प्रगति पर है ।
19	वि0स0:23	अलीगंज योजना में टॅक्सीवर निर्माण के सम्बन्धा में ।	कनसल्टेन्ट नियुक्त किये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई ।	निर्णयानुसार कार्यवाही प्रगति पर है श्री वी0एस0चौहान को कनसलटैन्ट नियुक्त कर लिया गया है । अभी उन्होंने रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की है ।
20	वि0स0:24	गोमती नदी तथा गोमती नगर के बीच क्षेत्र का जोनल प्लान तथा विकास हेतु स्वीकृति ।	प्रस्तावित प्रस्ताव सिध्दान्त रूप में स्वीकार किया गया एवं निर्णय लिया गया कि जो स्थान ग्रीनबेल्ट के रूप में छोड़ा जाना है उसे सेन्ट्रल पार्क का रूप देकर छोड़ा जाये । साथ ही यह भी निर्देश दिये गये कि डिटेल्ड वर्किंग करके इसे अध्यक्ष, ल0वि0प्रा0 से अनुमोदित करा लिया जाये ।	निर्णयानुसार कार्यवाही की जा रही है ।
21	वि0स0:25	विकसित आवासीय कालोनियों के भवनों में दुकाने चलाने की अनुमति ।	निर्णय लिया गया कि प्रयोगात्मक रूप से अलीगंज योजना के दो-तीन सेक्टरों में योजना प्रारम्भ करके देखा जाये । सफल होने पर आगे कार्यवाही की जाये ।	निर्णयानुसार कार्यवाही की जा रही है ।
22.	वि0स0:26	इन्द्रलोक कालोनी, कानपुर रोड की स्वीकृति के सम्बन्धा में ।	भू-उपयोग परिवर्तन की स्वीकृति प्रदान करने एवं अन्य प्रस्तावित प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की गई ।	निर्णयानुसार कार्यवाही प्रगति पर है ।

क्रमशः-----

1	2	3	4
23	वि0स0:27	90 वर्षों की लीज़ पर ली जाने वाली भूमि पर प्रीपेड लीज़रेन्ट के सम्बन्ध में ।	निर्णय लिया गया कि शासनादेश संख्या:6795/II-5-80-नि0/86 दिनांक 23 अक्तूबर, 1986 के अनुपालन में कार्यवाही की जाये ।	अनुपालन किया जा रहा है । शासनादेश के अनुसार ही लीज़रेन्ट अब जमा कराया जा रहा है ।
24	वि0स0:28	सहकारी भूमि विकास बैंक लि0, 10-मालएवन्यू के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में ।	भू-उपयोग परिवर्तन सम्बन्धी प्रस्तावित प्रस्ताव यथा-प्रस्तावित स्वीकृत किया गया । यह भी निर्देश दिये गये कि पार्किंग एवं एफ0ए0आर0के सम्बन्ध में उचित प्रतिबन्ध लगाकर शासन को प्रस्ताव प्रेषित कर दिया जाये ।	कार्यवाही प्रगति पर है । इसी क्रम में महाप्रबन्धक, उत्तर प्रदेश सहकारी भूमि विकास बैंक लिमिटेड को पत्र भेजा गया है ।
25	वि0स0:29	लखनऊ महानगरी के विकास हेतु प्रस्तावित जनसंख्या, भू-आच्छादन एवं एफ0ए0आर0 में सम्बन्धित उपविधियाँ ।	निर्णय लिया गया कि इस सम्बन्ध में शासन को विधिक परीक्षण कराये जाने हेतु सूचना प्रेषित की जाये ।	लिये गये निर्णय के अनुपालन में कार्यवाही की जा रही है ।
26	वि0स0:30	रायबरेली रोड पर भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में ।	भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रस्ताव पर यथा-प्रस्तावित स्वीकृति प्रदान की गई ।	निर्णयानुसार कार्यवाही की जा रही है ।
27	वि0स0:31	आवासीय भवन निर्माण हेतु प्रचलित सेट बैक में संशोधन किये जाने के सम्बन्ध में ।	संशोधन हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव को संस्तुतियों सहित शासन को प्रेषित किया जाये ।	संख्या: 1633/एन0एन0बी/87, दिनांक 18-2-87 द्वारा शासन को पत्र भेज दिया गया है ।
28	वि0स0:32	वर्तमान विकसित व निर्मित क्षेत्रों एवं विकसित हो रहे अविकसित क्षेत्रों में भू-उपयोग हेतु जोनिंग रेगुलेशन ।	प्रस्तुत प्रस्ताव को विधिक परीक्षण हेतु शासन को भेजा जाये ।	अनुपालन में पत्र संख्या:1654/एन0एन0बी0/87 द्वारा परीक्षण हेतु शासन को भेज दिया गया है ।

क्रमशः:-------

1	2	3	4
29	वि0स0:33	भवन विभाग में मानचित्रों के सरलीकरण के सम्बन्ध में ।	सरलीकरण के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की गई तथा यह भी निर्देश दिये गये कि प्राधिकरण अपने स्तर से भी निरीक्षण कराता रहेगा ।	लिये गये निर्णय के अनुपालन में कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है ।
30	वि0स0:34	छोटे छोटे नजूल भूखण्डों पर प्लाट होल्डर्स द्वारा स्वयं भूखण्डों के विकसित करने की योजना ।	निर्णय लिया गया कि 25% के बजाये 33-1/2% भूखण्ड सोशल सविलेज के लिये आरक्षित रहेंगे । इन भूखण्डों पर एल0आई0जी0 एवं ई0डब्लू0एस0 के भवन बनाये जायेंगे । साथ ही आच्छादित क्षेत्रफल के सम्बन्ध में भी निर्देश दिये गये ।	लिये गये निर्णय के अनुपालन में कार्यवाही की जा रही है ।
31	वि0स0:35	श्री प्रकाश नारायण सेठ 19-विधान सभा मार्ग के भूखण्ड बी-3 के भू-उप0 के सम्बन्ध में ।	शासनादेश के अनुसार 50% मूल्य जमा करा लिया जाये । एफ0ए0आर0 एवं ग्राउन्ड कवरेज का परीक्षण उपाध्यक्ष द्वारा करके पुनः शासन को भेजा जाये ।	निर्णयानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है । पत्र संख्या: 1644/एन0एन0वी0/87, दिनांक 21-2-87 द्वारा शासन को प्रेषित कर दिया गया है ।
32	वि0स0:36	प्राधिकरण के अभिलेखों के सम्बन्ध में वीडिंग रूल्स के अनुमोदन के सम्बन्ध में ।	वीडिंग रूल्स के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रस्ताव यथा-प्रस्तावित स्वीकृत किया गया ।	संस्तुतियों सहित शासन के अनुमोदन हेतु भेज दिया गया है ।
33	वि0स0:37	भवन मानचित्र की स्वीकृति प्राप्त करने व अप्रील करने हेतु शुल्क की दरों का पुनरीक्षण ।	दरों में पुनरीक्षण का प्रस्ताव यथा-प्रस्तावित स्वीकृत किया गया ।	निर्णयानुसार नई दरें दिनांक 1-1-1987 से लागू कर दी गई है ।
34	वि0स0:38	उ0प्र0नगर योजना और विकास अधि0, 1973 की धारा-32 के अन्तर्गत शक्तियों का प्रतिनिधायन ।	धारा-32 के अन्तर्गत प्रतिनिधानित शक्तियों को किसी अन्य को प्रतिनिधानित करने की शक्ति उपाध्यक्ष को प्रदान की जाती है ।	निर्णयानुसार अनुपालन किया जा रहा है ।

क्रमशः——

1	2	3	4
35	वि0स0:39	बजट 1986-87 के विरूद्ध 30-11-86 तक अनन्तिम आय-व्यय की स्थिति ।	आय-व्यय की स्थिति पर सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त की तथा कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार कार्यवाही की जाती रहे ।	भविष्य में भी इसी प्रकार कार्यवाही सुनिश्चित की जारही है ।
36	वि0स0:40	जनसम्पर्क अधिकारी के पद के सृजन के सम्बन्ध में ।	सँस्तुति के साथ प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जाये ।	प्रस्ताव को शासन को प्रेषित कर दिया गया है ।
37	वि0स0:41	प्रताप सहकारी गृह निर्माण समिति की भूमि के सम्बन्ध में ।	समयाभाव के कारण विचार नहीं हुआ ।	आगामी बैठक 12 जनवरी, 87 में विषय पुन: प्रस्तुत किया जा चुका है ।
38	वि0स0:42	कानपुर रोड योजना के ड्रेनेज एवं सीवरेज हेतु कनसलटेन्ट की नियुक्ति के सम्बन्ध में ।	कनसलटेन्ट के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रस्ताव स्वीकृत किया गया ।	अनुपालन में कनसलटेन्ट श्री वी0एस0चौहान को इस कार्य हेतु नियुक्त किया गया है ।
39	वि0स0:43	आ0इ0दि0 से दुर्बल वर्ग के व्यक्तियों हेतु साइट ऐण्ड सर्विसेज के विकास हेतु हडको से ऋण लिये जाने के सम्बन्ध में ।	हडको से ऋण प्राप्त किये जाने हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की गई ।	निर्णयानुसार कार्यवाही प्रगति पर है ।
40	वि0स0:44	ल0वि0प्रा0शासन उप-विधि 1986 के सम्बन्ध में ।	एक उप-समिति गठित की गई जिसके अनुमोदन के पश्चात शासन को प्रस्ताव प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये गये ।	उप-समिति द्वारा विषय पुर विचार किया जा रहा है । कार्यवाही प्रगति पर है ।

लखनऊ विकास प्राधिकरण की बैठक दिनांक 12 जनवरी, 1987
में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या

क्रम संख्या	वि0स0	विषय	लिये गये निर्णय का सारांश	अनुपालन आख्या
1	2		3	4
1	वि0स0:8	प्रताप गृह निर्माण समिति की भूमि अर्जन से मुक्त किये जाने के सम्बन्ध में ।	इस सम्बन्ध में निर्णय लेने हेतु एक उप-समिति गठित की गई ।	निर्णयानुसार उपसमिति की दो बैठकें हो चुकी हैं । कार्यवाही प्रगति पर है ।
2	वि0स0:9	जनपथ मार्केट की एप्रोच रोड के सम्बन्ध में ।	निर्णय लिया गया कि पूर्व प्रेषित योजना के गुणावगुण पर पुनः परीक्षण किया जाये । विस्थापितों को पुर्नवासित करने के भी निर्देश दिये गये ।	निर्णयानुसार कार्यान्वयन किया जा रहा है ।
3	वि0स0:10	पट्टों के किराये में छूट दिये जाने के सम्बन्ध में ।	समयाभाव के कारण विषय स्थगित किया गया ।	
4	वि0स0:11	भूखण्ड संख्या:बी-10, एचे रोड, महानगर विस्तार योजना के सम्बन्ध में ।	निर्णय लिया गया कि विक्रय मूल्य रू0 11.10 पैसा प्रति वर्गफुट के हिसाब से मूल्यांकन किया जाये ।	निर्णयानुसार कार्यवाही की जा रही है ।

क्रमशः----

1	2	3	4
5	वि0स0:12	ला-प्लास योजना के सम्बन्ध में प्राप्त आपत्ति पर विचार ।	निर्णय लिया गया कि जल भराव की समस्या के समबन्ध में किसी विशेषज्ञ की रिपोर्ट प्राप्त कर ली जाये ।	अनुपालन में श्री राम नगीना सिंह, विशेषज्ञ एवं सदस्य लखनऊ विकास प्राधिकरण की रिपोर्ट प्राप्त कर ली गई है एवं माननीय सदस्यों की सहमति प्राप्त करने हेतु पत्र भी प्रेषित किये गये है । कुछ सदस्यों की सहमतियां प्राप्त भी हो गई है ।
6	वि0स0:13	अर्जुन विभाग में अभियों एवं चेनमैनों के पद सृजित किये जाने के सम्बन्ध में ।	निर्णय लिया गया कि पूर्ण औचित्य के साथ आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाये ।	

विषय संख्या: 4 पृष्ठ संख्या: 14

विषय: लखनऊ विकास प्राधिकरण का
मूल आय-व्ययक 1987-88

======

लखनऊ विकास प्राधिकरण का

मूल आय व्ययक 1977-88 अलग से कार्य-सूची के

साथ संलग्न किया जा रहा है ।

==========

विषाय सँख्या: 5 पृष्ठ सँख्या: 15

विषाय: श्री यद्धुनाथ सिँह की भूमि के बदले विकसित भूखाण्ड उपलब्धा कराये जाने के सम्बन्धा में ।

महानगर आबादी में भूखाण्ड सँख्या: 539, 541 एवँ 542 के मालिक श्री यद्धुनाथ सिँह थे । उक्त भूखाण्ड नगर महापालिका व्दारा बिना अर्जित किये, महानगर आवासीय योजना के ले-आउट में सम्मिलित करके भूखाण्ड सँख्या: बी-159 श्रीमती सुभाद्रा देवी को आवन्टित कर दिया गया । लगभग 12 वर्षा तक मुकदमा चलने के बाद पँचम अतिरिक्त मुन्सिफ़, लखानऊ ने यह निर्णय दिया है कि श्री सुभाद्रा देवी का बना बनाया मकान ध्वस्त करके श्री यद्धु नाथ सिँह अपनी भूमि भूमि का क़ब्ज़ा ले सकते हैं, लेकिन यह सम्भाव नहीं है क्योकिँ उक्त भावन को गिराकर द्वसरा भावन देने में प्राधिकरण को काफ़ी वित्तीय हानि होगी। अतएव श्री यद्धुनाथ सिँह को एक भूखाण्ड सँख्या: ए-3/178 विशाल खाण्ड आवन्टित किया गया है । चूकिँ श्री सिँह अनायास ही कठिनाई का शिकार रहे हैं और न्यायालय के निर्णयानुसार कार्यवाही करने में प्राधिकरण को अधिक आर्थिक क्षाति सम्भावित है । अतएव उपरोक्त परिस्थितियों में मानवीय आधाार पर श्री यद्धुनाथ सिँह को निम्नाकिँत सुविधा प्रदान किये जाने की सँस्तुति की जाती है :

1- भूखाण्ड के निबन्धान आदि में जो भी व्यय आदि आये वह लखानऊ विकास प्राधिकरण स्वयँ वहन करें ।

2- भूखाण्ड का निबन्धान फ्री-होल्ड भूखाण्ड के रूप में करना उचित होगा, श्री सिँह इस बात के लिये तैयार हैं कि लीज़ राइट लखानऊ विकास प्राधिकरण की बनी रहे तथा लीज़रेन्ट के रूप में उनसे टोकेन लीज़रेन्ट ले लिया जाये । अत: प्रस्तावित है कि श्री सिँह को उक्त भूखाण्ड रूपया 1/- टोकेन लीज़रेन्ट पर दे दिया जाये ।

कृपया प्राधिकरण इस सम्बन्धा में निर्णय देने की कृपा करें ।

विषाय: अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त खिलाड़ियों/ कलाकारों को प्राधिकरण की योजनाओं में आधी दर पर आवासीय भूखण्ड उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में ।

==========

उत्तर प्रदेश में रहने वाला कोई भी नागरिक यदि किसी भी क्षेत्र (खेल/कला) में सर्वोत्तम राष्ट्रीय स्तर तथा अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त किया है तो उसे लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप एक आवासीय भूखण्ड आधी दर पर उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है । पूर्व में विकास प्राधिकरण द्वारा श्री सैय्यद मोदी (बैडमिन्टन) तथा श्री गोपाल शर्मा (क्रिकेट) को आधी दर पर आवासीय भूखण्ड देने का निर्णय लिया गया था ।

इस सम्बन्ध में समय-समय पर प्रार्थनापत्र प्राप्त होते रहते हैं जिनके निस्तारण के लिये एक नीति निर्धारित करना आवश्यक प्रतीत होता है । अत: निम्नांकित प्रस्ताव प्राधिकरण के विचारार्थ एवं निर्णय हेतु प्रस्तुत है :-

<u>चयन समिति:</u>

ऐसे प्रार्थनापत्रों पर निर्णय लेने हेतु एक चयन समिति का गठन जिसके अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, विकास प्राधिकरण तथा प्राधिकरण के दो गैर सरकारी सदस्य, सदस्य होंगे ।

उक्त चयन समिति द्वारा प्रार्थनापत्रों पर निर्णय लेने हेतु निम्न मापदण्ड निर्धारित किये जाते हैं: केवल वे ही व्यक्ति इस योजना से लाभान्वित हो सकेंगे :-

(1) जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर खेल एवं कला में एक कीर्तिमान स्थापित किया हो अथवा अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त की हो ।

(2) खेल जगत में इक्सप्लोरेशन (अन्वेषाण/खोज) एवं साहित्यिक कार्य भी सम्मिलित होंगे ।

(3) कला का तात्पर्य सँगीत, नृत्य एवं चित्रकला, शिल्प कला एवं वैज्ञानिक अनुसँधान आदि से होगा ।

(4) इस योजना में आवन्टित भूखण्डों का मूल्य पाँच वर्षों में देय होगा ।

(5) ऐसे किसी व्यक्ति की इस योजना में पात्रता नहीं होगी जिसके पास पहले से ही लखनऊ में कोई भवन/भूखण्ड हो अथवा किसी अन्य नगर में उसे ऐसी ही किसी प्रोत्साहन योजना के अधीन भूखण्ड आदि रियायती दर पर पूर्व में आवन्टित किया जा चुका हो ।

(6) चयन समिति इस सम्बन्ध में प्राप्त होने वाले प्रार्थनापत्रों पर विचार करने के साथ-साथ स्वत: अपने स्तर से भी तद्नुसार कार्यवाही करने के लिये सक्षम होगी ।

अत: उपरोक्त प्रस्ताव विकास प्राधिकरण के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है ।

विषय:- कानपुर रोड नगर प्रसार योजना (फेज-3) पार्ट-2 के अन्तर्गत हडको से भूमि अर्जन हेतु रू० 383.69 लाख का ऋण लेने के सम्बन्ध में

सारांश:- उपरोक्त योजना के अन्तर्गत भूमि अध्याप्ति हेतु धारा 17 के परिवधानों सहित धारा 4 व 6 की विज्ञप्ति सं०-1303/11-5-84-5 एल ए/84 दिनांक 17.12.84 तथा 1378/11-5-84-5 एल ए-84 दिनांक 17.12.84 द्वारा जारी की जा चुकी है। भूमि का कब्जा भी प्राप्त किया जा चुका है ।

हडको ने कुछ समय पूर्व एक योजना बनायी है जिसके अन्तर्गत हडको द्वारा भूमि अध्याप्ति हेतु 15% ब्याज पर ऋण दिया जाता है। और यदि कुल भूमि अध्याप्ति की लागत का 50% तक ऋण हडको से लिया जायेगा तो वे इस ऋण का 12.25% की ब्याज की दर से देंगें। और समय से भुगतान करने पर 1/4% की छूट मिलेगी। इस प्रकार कुल 12% ब्याज देय होगा। चूंकि इस वित्तीय वर्ष में हडको द्वारा 12% ब्याज परसीतापुर रोड नगर प्रसार योजना में ऋण दिया जा चुका है। अत: इस योजना में 15% ब्याज पर ऋण लिया जायेगा।

यहां पर यहभी उल्लेखनीय है कि प्रतिफल का भुगतान न करने से अब संशोधित अधिनियम में एक वर्ष से अधिक समय के बाद कुल लागत पर 15% अधिक ब्याज हितबद्ध व्यक्ति को देना होगा । इस प्रकार प्राधिकरण को हडको से 15% ब्याज पर ऋण लेने में किसी प्रकार की कोई हानि नहीं होगी ।

उपरोक्त परिस्थितियों में उपरोक्त योजना हेतु रू० 383.69 लाख का ऋण प्राप्त करने हेतु प्राधिकरण की स्वीकृति की प्रत्याशा में प्रस्ताव हडको को प्रेषित किये जा चुके हैं । कृपया हडको से ऋण प्राप्त करने हेतु अधिपत्रिक स्वीकृति से सम्बन्धित विषय प्राधिकरण के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है । साथ ही साथ ऐग्रीमेन्ट पर कामनसील व ऐग्रीमेन्ट इक्ज़ीक्युट करने हेतु सचिव को अधिकृत करने पर विचार ।

विषय:- कानपुर रोड नगर प्रसार योजना (फेज-II) पार्ट -I के अन्तर्गत हडको से भूमि अर्जन हेतु रु० 183.80 लाख का ऋण लेने के सम्बन्ध में ।

सारांश:- उपरोक्त योजना के अन्तर्गत भूमि अध्याप्ति हेतु धारा 17 के प्राविधानों सहित धारा 4 व 6 की विज्ञप्ति सं०-4839/37-2-15 एल.ए.-76 दिनांक 23.8.76 तथा 6468 /37-2-15 एल.ए.-76 दिनांक 20.11.76 द्वारा जारी की जा चुकी है। भूमि का कब्जा भी प्राप्त किया जा चुका है। व इसका एवार्ड भी घोषित किया जा चुका है ।

हडको ने कुछ समय पूर्व एक योजना बनायी है जिसके अन्तर्गत हडको द्वारा भूमि अध्याप्ति हेतु 15% ब्याज पर ऋण दिया जाता है। और यदि कुल भूमि अध्याप्ति की लागत का 50% तक ऋण हडको से लिया जायेगा। तो वे इस ऋण का 12.25 % की ब्याज की दर से देगें । और समय से भुगतान करने पर 1/4% की छूट मिलेगी। इस प्रकार कुल 12% ब्याज देय होगा। चूंकि इस वित्तीय वर्ष में हडको द्वारा 12% ब्याज पर सीतापुर रोड नगर प्रसार योजना में ऋण दिया जा चुका है। अत: इस योजना में 15% ब्याज पर लिया जायेगा ।

यहाँ पर यह भी उल्लेखनीय है कि प्रतिकर का भुगतान न करने से अब संशोधित अधिनियम में एक वर्ष से अधिक समय के बाद कुल लागत पर 15% अधिक ब्याज हितबद्ध व्यक्ति को देना होगा । इस प्रकार प्राधिकरण को हडको से 15% ब्याज पर ऋण लेने में किसी प्रकार की कोई हानि नहीं होगी ।

उपरोक्त परिस्थितियों में उपरोक्त योजना हेतु रु० 183.80 लाख का ऋण प्राप्त करने हेतु प्राधिकरण की स्वीकृति की प्रत्याशा में प्रस्ताव हडको को प्रेषित किये जा चुके हैं।

कृपया हडको से ऋण प्राप्त करने हेतु औपचारिक स्वीकृति से सम्बन्धित विषय प्राधिकरण के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है । साथ ही साथ ऐग्रीमेन्ट पर कामनसील व ऐग्रीमेन्ट इक्जीक्युट करने हेतु सचिव को अधिकृत करने पर विचार ।

विषय:- उजरियांव आवासीय योजना (फेज-II) पार्ट-I के अन्तर्गत हडको से भूमि अर्जन हेतु रु0 490.00 लाख का ऋण लेने के सम्बन्ध में ।

सारांश: उपरोक्त योजना के अन्तर्गत भूमि अध्याप्ति हेतु धारा 17 के प्रावधानों सहित धारा 4 व 6 की विज्ञप्ति सं0-817/37-2-82-74 एल0ए0-82 दिनांक 19.1.83 तथा 338/37-2-83-74 एल0ए0-82 दिनांक: 28.1.83 द्वारा जारी की जा चुकी है। भूमि का कब्जा भी प्राप्त किया जा चुका है व इसका एवार्ड भी घोषित किया जा चुका है ।

हडको ने कुछ समय पूर्व एक योजना बनाई है जिसके अन्तर्गत हडको द्वारा भूमि अध्याप्ति हेतु 15% ब्याज पर ऋण दिया जाता है, और यदि कुल भूमि अध्याप्ति की लागत का 50% तक ऋण हडको से लिया जायेगा तो वे इस ऋण का 12.25% की ब्याज की दर से देंगे और समय से भुगतान करने पर 1/4% की छूट मिलेगी। इस प्रकार कुल 12% ब्याज देय होगा। चूंकि इस वित्तीय वर्ष में हडको द्वारा 12% ब्याज पर सीतापुर रोड नगर प्रसार योजना में ऋण दिया जा चुका है। अत: इस योजना में 15% ब्याज पर ऋण लिया जायेगा ।

यहाँ पर यह भी उल्लेखनीय है कि प्रतिकर का भुगतान न करने से अब संशोधित अधिनियम में एक वर्ष से अधिक समय के बाद कुल लागत पर 15% अधिक ब्याज हितबद्ध व्यक्ति को देना होगा। इस प्रकार प्राधिकरण को हडको से 15% ब्याज पर ऋण लेने में किसी प्रकार की कोई हानि नहीं होगी।

उपरोक्त परिस्थितियों में उपरोक्त योजना हेतु रु0 490.00 लाख का ऋण प्राप्त करने हेतु प्राधिकरण की स्वीकृति की प्रत्याशा में प्रस्ताव हडको को प्रेषित किये जा चुके है। कृपया हडको से ऋण प्राप्त करने हेतु औपचारिक स्वीकृति के सम्बन्धित विषय प्राधिकरण के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है। साथ ही ऐग्रीमेन्ट पर कामनसील व ऐग्रीमेन्ट इक्ज़ीक्युट करने हेतु सचिव को अधिकृत करने पर विचार ।

विषाय: लखानऊ विकास प्राधिकरण की अर्जित की गई भूमि में ग्रीन-बेल्ट का उपयोग तथा ऐसी भूमि का उपयोग जिसपर योजना पूर्ण रूप से लागू होने में कुछ समय लगने की सम्भावना रहती है ।

==========

लखानऊ नगर का विस्तार बहुत तीव्र गति से चारों दिशाओं में हो रहा है । नगर के सुनियोजित विकास का दायित्व विकास प्राधिकरण का है । सुनियोजित विकास के लिये भूमि अर्जित किया जाना आवश्यक है ताकि अनियोजित विस्तार सम्भाव न हो पाये । पूर्व में विकास प्राधिकरण द्वारा काफ़ी भूमि अर्जित की गई थी जिसमें विभिन्न प्रकार के कार्य-कलाप प्रारम्भ किये गये । भाविष्य में भी नगर के सुनियोजित एवँ सुव्यवस्थित विकास के लिये भूमि का अर्जित किया जाना आवश्यक है । ऐसा प्रतीत होता है कि अर्जित भूमि का क़ब्ज़ा भू-धारकों से प्राप्त करने में भाविष्य में अधिक कठिनाई होगी, इसलिये शीघ्र ही अर्जित भूमि का क़ब्ज़ा विकास प्राधिकरण द्वारा लिया जाना होगा ।

इस प्रकार की भूमि जिसका क़ब्ज़ा विकास प्राधिकरण द्वारा लिया जा चुका है और जिसमें विकास कार्य भाविष्य में ही कराया जाना है, इन क्षेत्रों की सुरक्षा तथा इनसे आय प्राप्त करने हेतु निम्न प्रस्ताव प्राधिकरण के विचारार्थ रक्खा जा रहा है:-

यह देखा गया है कि व्यवसायिक वानिकी (COMMERCIAL TREE P PLANTATION) उद्दयान (HORTICULTURE) से खाली पड़ी हुई भूमि में करने पर पर्याप्त आय प्राप्त हो सकती है । इस प्रकार के कार्यक्रम से न केवल अर्जित भूमि अनियोजित विकास से सुरक्षित रहेगी बल्कि विकास-प्राधिकरण को आर्थिक लाभ भी हो सकता है । इसके साथ ही साथ नगर के पर्यावरण की दृष्टि से भी यह कार्यक्रम अत्यन्त उपयोगी होगा । यह प्रस्ताव विकास प्राधिकरण की योजनाओं की हरित पट्टियों में भी लागू किया जा सकता है । भूमि की स्थिति के अनुसार अलग-अलग वृक्षारोपण कार्यक्रम कार्यक्रम निर्धारित किया जा सकता है । विभिन्न व्यवसायिक वृक्षारोपण हेतु समय निम्न प्रकार निर्धारित होगा :-

(1)	युकलिप्टस	सात वर्ष
(2)	बाँस/बल्ली	तीन वर्ष
(3)	गुलाब एवँ अन्य फूल	एक वर्ष

योजना के प्रथम चरण में प्रस्तावित है कि निम्न स्थानों पर उपरोक्त कार्यक्रम चलाया जाये :-

(1)	सीतापुर रोड एवँ कुर्सी रोड के मध्य	100 एकड़
(2)	हरदोई रोड	100 एकड़
(3)	बिजनौर रोड	100 एकड़
(4)	विपिन्न खण्ड, गोमती नगर योजना	20 एकड़
(5)	बड़े इमामबाड़े के निकट	10 एकड़

क्रमशः:-----

विदित हुआ है कि इस कार्य के क्रियान्वयन के लिये विभिन्न एजेन्सियाँ ईच्छुक हैं । इनके माध्यम से वृक्षारोपण एवँ पौधों का रख-रखाव कराया जाना प्रस्तावित है । इस सम्बन्ध में शर्तें एवँ नियम प्राधिकरण के अनुमोदनार्थ रक्खी जायेगी ।

एजेन्सियों/संस्थाओं का चयन विकास प्राधिकरण द्वारा निर्धारित शर्तों के आधार पर तथा प्राधिकरण द्वारा गठित उप-समिति के माध्यम से किया जायेगा ।

उपरोक्त बिन्दुओं पर प्राधिकरण का सैध्दान्तिक अनुमोदन अपेक्षित है ।

==========

विषय: श्री विलायती राम गुप्ता को मोतीझील योजना के अन्तर्गत आवन्टित भूखण्ड का भू-उपयोग परिवर्तित करके क़ब्ज़ा देने के सम्बन्ध में ।

=x=x=x=x=x=x=

श्री विलायती राम गुप्ता बक्शीरतगंज स्कीम में स्थित राधारानी पोरशन के ले-आउट के भूखण्ड संख्या-1 जिसका क्षेत्रफल 3503 वर्गफिट है, पर श्री बृज लाल मित्तल के किरायेदार थे । श्री गुप्ता इस हेतु श्री बृजलाल मित्तल को रू0 100/- प्रतिमाह किराया अदा करते थे । उक्त भूमि पर श्री गुप्ता व्दारा सन् 1959 में कारखाना स्थापित किया गया था जबकि उक्त भूमि के अर्जन का नोटीफिकेशन करके प्रतिकर आदि पहले ही भू-स्वामी को भुगतान किया जा चुका था । उक्त स्थल को खाली कराने तथा श्री गुप्ता का कारखाना प्रतिस्थापित कराने हेतु एक भूखण्ड संख्या- 153 जिसका क्षेत्रफल 36000 वर्गफिट है, इन्डस्ट्रियल एरिया, ऐशबाग़ योजना में से कार्यकारिणी समिति, नगर महापालिका, लखनऊ के प्रस्ताव संख्या-752 दिनांक 7-1-63 व्दारा 22000 वर्गफिट इस शर्त पर आवन्टित किया कि श्री गुप्ता व्दारा उक्त भूखण्ड पर कारखाना स्थापित करके अर्जित भूमि का क़ब्ज़ा एक साल के अन्दर दे देंगे । तत्पश्चात श्री गुप्ता के प्रार्थनापत्र पर विचार करके कार्यकारिणी समिति के प्रस्ताव सं0-257 दिनांक 17-7-64 व्दारा 14,000 वर्गफिट भूमि और आवन्टित कर दी गई जिसके प्रीमियम की धनराशि श्री गुप्ता व्दारा बिना किसी सूचना के चेक जमा करा दिया जो अभी तक कैश नहीं कराया गया है । उक्त मामले को सुलझाने हेतु तत्कालीन सचिव, लखनऊ-विकास प्राधिकरण व्दारा दिनांक 9-12-76 तथा 10-12-76 को श्री गुप्ता को बुलाया गया था लेकिन इस मामले में कोई निर्णय नहीं लिया जा सका । यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि इनको आवन्टन के पश्चात लखनऊ मास्टर-प्लान की जब विज्ञप्ति हुई तो आवन्टित क्षेत्र आवासीय हो जाने के कारण वहाँ कारखाना स्थापित नहीं किया जा सकता है ।

यह विषय पुन: विकास प्राधिकरण की बैठक दिनांक 19-2-77 में रक्खा गया था जिसमें एल0आर0 से राय माँगने हेतु निर्देश दिया गया था जो अभी तक उपलब्ध नहीं हो सकी है ।

जैसा कि ऊपर अंकित किया जा चुका है जो भूमि आवन्टित की गई थी उसपर अब मास्टर प्लान में आवासीय होने के कारण कारखाना स्थापित नहीं किया जा सकता है । अत: उक्त भूखण्ड जिसके निबन्धन आदि की कार्यवाही नहीं हुई है, का आवन्टन निरस्त करते हुए बक्शीरतगंज स्कीम में जहाँ कारखाना स्थापित है, को आवन्टित कर दिया जाये । इसके प्रीमियम की दर भी निर्धारित किया जाना उचित होगा ।

चूंकि आवासीय उपयोग जोन में औद्योगिक उपयोग का मोरेटोरियम पीरियड, जो केवल पाँच वर्ष है, 7 फरवरी, 1975 को समाप्त हो चुका है, अत: उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास अधिनियम, 1973

क्रमश: ----

की धारा- 16 के परन्तुक अथवा उत्तर प्रदेश (निर्माण कार्य विनियमन) निदेश, 1960 के निदेश संख्या: 12 (बी) के उपबन्ध निष्प्रभावी हो गये हैं। लखनऊ महायोजना का पुनरीक्षण किया जा रहा है। उसमें बक्शीरतगंज स्कीम के उस भूखण्ड को, जिसमें श्री विलायतीराम गुप्ता का कारखाना स्थापित है, औद्योगिक उपयोग के लिये आरक्षित करने के आदेश प्रदान कर दिये जायें और मध्यवर्ती अवधि के लिये वर्तमान महायोजना में इस सीमा तक संशोधन करने हेतु शासन को प्रस्ताव भेज दिया जाये कि बक्शीरतगंज के उस भूखण्ड को, जहाँ श्री विलायती राम गुप्ता का कारखाना वर्ष 1959 से स्थापित है, औद्योगिक उपयोग हेतु आरक्षित कर दिया जाये।

विषय संख्या: 12 पृष्ठ संख्या: 24

विषय: लखानऊ विकास प्राधिकरण में कार्यरत टेलीफोन आपरेटर्स(पी0बी0एक्स0)को अन्य विभागों की भांति वेतनमान दिये जाने के सम्बन्ध में ।

xxxxxxxxxxx

लखानऊ विकास प्राधिकरण में अधिकारियों को समुचित टेलीफोन उपलब्धता कराये जाने के उद्देश्य से पी0बी0एक्स इक्सचेन्ज की स्थापना वर्ष 1984 में की गई जिससे टेलीफोन पर व्यय में काफ़ी कमी दृष्टिगोचर हुई है तथा सार्थक परिणाम सामने आये हैं । साधारण पी0बी0एक्स की सफ़लता को देखते हुए प्रशासन द्वारा इलेक्ट्रानिक पी0बी0एक्स इक्सचेन्ज स्थापित किये जाने की भी स्वीकृति प्रदान कर दी गई है और निकट भविष्य में यथा-शीघ्र ही इलेक्ट्रानिक पी0बी0एक्स इक्सचेन्ज स्थापित होने जा रहा है ।

उक्त इक्सचेन्ज में कार्यरत सभी कर्मचारी आपरेटर पद् हेतु निर्धारित प्रशिक्षण भी प्राप्त किये हुए हैं । उक्त आपरेटर्स के पदों के वेतनमान का निर्धारण लिपिक पद् के समकक्ष ही प्रारम्भ में कर दिया गया था क्योंकि यह नया पद् प्राधिकरण में सृजित किया गया था और प्राधिकरण केन्द्रियत सेवा नियमावली में भी अभी इस पद् का समायोजन नहीं किया गया है ।

इस सम्बन्ध में लखानऊ विकास प्राधिकरण द्वारा विभिन्न कार्यालयों से टेलीफोन आपरेटर्स के वेतनमान ज्ञात किये गये जिनका विवरण निम्नवत् है:-

1-	उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव डेरी फेडरेशन	रू0 515-860
2-	उत्तर प्रदेश राज्य चीनी निगम	रू0 490-760
3-	उ0प्र0स्टेट ऐग्रो इन्ड0का0लि0लखानऊ	रू0 490-760

उपरोक्त वेतनमानों को दृष्टगत रखाते हुए उत्तर प्रदेश चीनी निगम एवं उ0प्र0 स्टेट ऐग्रो का0लि0 में देय वेतनमान रू0 490-760, विकास प्राधिकरण में कार्यरत टेलीफोन आपरेटर्स को दिये जाने की संस्तुति की जाती है :-

अत: कृपया लखानऊ विकास प्राधिकरण निम्न बिन्दुओं पर अपनी स्वीकृति प्रदान करने का कष्ट करें :-

(1) लखानऊ विकास प्राधिकरण में कार्यरत टेलीफोन आपरेटर्स (नियमित) को रू0 490-760 का वेतनमान दिये जाने की ।

(2) वेतनमान दिये जाने के उपरान्त केन्द्रीय प्राधिकरण सेवा नियमावली में इन पदों को समायोजित करने हेतु शासन को पत्र भेजे जाने की स्वीकृति ।

विषय :- <u>वर्ष 1975 से पूर्व महानगर तथा निराला नगर में आवंटित आवासीय भूखण्डों पर लेवी शुल्क कम करने के सम्बंध में।</u>

विकास प्राधिकरण / महापालिका द्वारा निराला नगर तथा महानगर आवासीय योजनाओं के अन्तर्गत् विभिन्न व्यक्तियों को आवासीय भूखण्ड, भवन निर्माण हेतु उपलब्ध कराए गये थे, किन्तु अपरिहार्य कारणों से आवंटी अब तक भवन निर्माण नहीं करा सकें हैं तथा वर्तमान में जिस समय भवन मानचित्र स्वीकृत हेतु प्राधिकरण में प्रस्तुत करते हैं तो उसका वर्तमान नीति के अनुसार 2 प्रतिशत लेवी शुल्क प्रतिवर्ष देय होता है। लेवी शुल्क की गणना निबन्धन तिथि से पाँच वर्ष पश्चात् भवन चित्र स्वीकृत के समय तक की जाती है। तमाम से भवन निर्माण-कर्ताओं पर लेवी शुल्क काफ़ी अधिक आ जाता है जिसको जमा करने में आर्थिक कठिनाइयाँ आती हैं क्योंकि भवन निर्माण संबंधी ऋण भी स्वीकृति के पश्चात् ही प्राप्त होता है। विकास प्राधिकरण /महापालिका की आरम्भ से ही यह नीति रही है कि शीघ्र विकास हेतु आवासीय निर्माण को बढ़ावा दिया जाये, तथा आवासीय योजनाएँ चाहे वह प्राधिकरण द्वारा संचालित हों अथवा व्यक्तिगत् रूप से की जा रहीं हों। अत: लेवी शुल्क अदा न करने की स्थिति में भवन निर्माण गतिहीन हो जायेगा।

अत: उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में निम्न बिन्दु विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत हैं:-

1- वर्ष 1960 के बाद किन्तु 1970 से पूर्व निबंधित भूखण्डों पर भवन निर्माण की अवधि को बजाय 5 वर्ष के 10 वर्ष कर दिया जाये।

2- निबन्धन के पश्चात् 10 वर्ष की अवधि को कम करके शेष 5 वर्षों हेतु 2 % प्रतिवर्ष का लेवी शुल्क लिया जाये।

क्रमश:....

3– शेष वर्षों अथवा उसके आंशिकसमय पर । ½ प्रतिवर्ष का लेवी शुल्क लिया जाये।

4– उपरोक्त लेवी शुल्क अधिकतम् 20,000/– रूपये तक ही देय होगा।

5– जिन भूखण्डों पर पूर्व मे लेवी शुल्क जमा किया जा चुका है उन भूखण्डों पर उपरोक्त नियम लागू नहीं होंगें।

विषय: नवल किशोर रोड, हज़रतगंज, लखनऊ पर स्थित नजूल भूमि (खसरा संख्या: 163 भाग) का लखनऊ महायोजना में आवासीय से व्यवसायिक भू-उपयोग परिवर्तन

लखनऊ शहर में हज़रतगंज का क्षेत्र, लखनऊ महायोजना में सेन्ट्रल विनेस डिस्ट्रिक्ट के रूप में व्यवसायिक भू-उपयोग हेतु निर्धारित है तथा इस भू-उपयोग के अन्तर्गत उत्तर दिशा की ओर में महात्मा गांधी रोड व लारेन्स टैरेस रोड के बीच का भाग आता है और इसके अतिरिक्त पश्चिम दिशा की ओर शाहनजफ़ रोड से लगा हुआ भी कुछ भाग आता है । इस व्यवसायिक भू-उपयोग से लगा हुआ आवासीय भू-उपयोग महायोजना में निर्धारित है । जिसके सम्बन्ध में महायोजना में उपयोग निर्धारण कराने हेतु नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग द्वारा इस क्षेत्र का एक सर्वेक्षण भी कराया गया था और महायोजना में निर्धारित व्यवसायिक भू-उपयोग के अतिरिक्त आवासीय क्षेत्र में वर्तमान में कई व्यवसायिक भू-उपयोग चल रहे हैं जिसका उल्लेख मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक ने अपने पत्र संख्या- 1419/नि0नि0(1)/ लखनऊ भू-उपयोग/87, दिनांक 11 मार्च, 1987 में भी किया है । नजूल विभाग द्वारा इस क्षेत्र के अधिकांश पट्टे भी व्यवसायिक प्रयोजन हेतु हैं । अत: वर्तमान परिस्थितियों के परिपेक्ष्य में यह आवश्यक है कि नवल किशोर रोड, हज़रतगंज, लखनऊ पर स्थित नजूल भूमि खासरा संख्या: 163 (भाग) का भू-उपयोग परिवर्तन प्रभावी नियमों के अनुरूप अनुमन्य कर दिया जाये । अत: प्रस्ताव प्राधिकरण के समक्ष विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है ।

पृष्ठ संख्या: 28

संलग्नक: 1

लखानऊ महायोजना के प्लानिंग डिस्ट्रिक्ट"ए" के ज़ोन सं0: 3
में प्रस्तावित आवासीय से व्यवसायिक भू-उपयोग परिवर्तन
का विवरण

ग्राम एवं ज़िला का नाम	खासरा सं0	भूमि का क्षेत्रफल एकड़ में	वर्तमान भू-उपयोग महायोजना में	प्रस्तावित भू-उपयोग परिवर्तन
			आवासीय	व्यवसायिक
हज़रतगंज (1862) लखनऊ ।	163 (भाग) वर्ष 1862 (नजूल भूमि)	बी0 3-16-5-7		

विषय: लखनऊ नगर में बिल्ट-अप एरिया में व्यवसायिक/कार्यालय क्षेत्र में निर्मित भवन में विस्तार या परिवर्धन एवं परिवर्तन का निर्माण कार्य स्वीकृत करते समय आवश्यक पार्किंग उपलब्धता न होने की दशा में पार्किंग चार्जेज लेकर सामुदायिक पार्किंग उपलब्धता कराने के सम्बन्ध में ।

लखनऊ महायोजना में हजरतगंज, चौक, अमीनाबाद का क्षेत्र "सेन्ट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट" के रूप में व्यवसायिक भू-उपयोग हेतु निर्धारित है जिसमें महायोजना के अनुसार 300 एफ०ए०आर० व 65 प्रतिशत भू-आच्छादन आवश्यक पार्किंग स्थान उपलब्ध कराते हुए अनुमन्य किया जा सकता है । वर्तमान में यह पाया गया कि इस क्षेत्र में अधिकतर भवन शत-प्रतिशत भू-आच्छादन के साथ बने हुए हैं तथा महायोजना अथवा नियमानुसार पार्किंग स्थान उपलब्ध करा पाना किसी भी प्रकार से विस्तार/परिवर्धन/परिवर्तन करने की दशा में सम्भव नहीं है और यदि सम्भव भी होता है तो वह स्थान उपविधियों के अनुसार आवश्यक पार्किंग स्थान से काफी कम होता है अथवा नहीं होता है । ऐसी दशा में किसी भी प्रकार से महायोजना के परिप्रेक्ष्य में मानचित्र स्वीकृत करने में विवशता बनी हुई है चूँकि उक्त वर्णित क्षेत्र व्यवसायिक दृष्टि से काफी आर्थिक महत्व के क्षेत्र हैं और भूमि का पूरा सदुपयोग भी नहीं हो पा रहा है अर्थात भवन स्वामी द्वारा अनुमन्य पूर्ण एफ० ए० आर० का उपयोग नहीं किया जा रहा है तथा परिवर्तन/परिवर्धन के भवन चित्र भी पार्किंग स्थल के अभाव में स्वीकृत नहीं किये जा रहे हैं ।

अतः उपरोक्त परिस्थितियों में यह आवश्यक है कि इन क्षेत्रों में सामुदायिक पार्किंग की व्यवस्था, जहाँ सम्भव हो सके के समीपस्थ क्षेत्र में हो, प्राधिकरण द्वारा कराई जाये और इस पार्किंग स्थान को ऐसे भवन स्वामियों को अनुपातिक रूप से आवंटित कर दिया जाये तथा अनुपातिक दर से प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से पार्किंग चार्जेज भी मानचित्र स्वीकृत करते समय पार्किंग के निर्माण हेतु जमा करायें जाये । यह प्रस्ताव केवल पुराने निर्मित भवनों को यथावत्

क्रमशः——————2

रखाने अथवा आंतरिक परिवर्तन/परिवर्धन की दशा में ही लागू माने जायेगें तथा नवीन निर्माण हेतु यह सुविधा अनुमन्य नहीं होगी ।

अ- पार्किंग चार्जेज की गणना निम्न प्रकार प्रस्तावित है :-

न्यूनतम आवश्यक पार्किंग स्थान -- वर्गमीटर में
में कमी

पार्किंग चार्जेज :-

पार्किंग स्थान में कमी × भूमि का मूल्य × प्रचलित दरों के अनुसार पार्किंग के विकास एवं निर्माण की अनुमानित लागत ।

ब- पार्किंग स्थान का आवंटन प्राधिकरण द्वारा किया जायेगा तथा सम्पूर्ण पार्किंग स्थान आवंटित हो जाने के पश्चात् इस प्रकार के निर्माण स्वीकृत पार्किंग के अभाव के कारण स्वीकृत नहीं किये जायेगें जब तक नवीन पार्किंग स्थान का विकास न हो जायेगा ।

स- इस सामुदायिक पार्किंग का रख-रखाव प्राधिकरण द्वारा किया जायेगा तथा रख-रखाव चार्जेज आवंटी द्वारा लिया जायेगा

उपरोक्त प्रस्ताव प्राधिकरण की बैठक में विचारार्थ एवं नीतिगत निर्णय हेतु प्रस्तुत है ।

-x--x-x-

विषाय संख्या: 16 पृष्ठ संख्या: 31

विषाय: उत्तर प्रदेश स्टेट ऐग्रो इण्डस्ट्रियल कार्पोरेशन, लि0 के 22- विधान सभा मार्ग पर स्थित कार्यालय परिसर का भू-उपयोग लखनऊ महायोजना में आवासीय से व्यवसायिक में परिवर्तित करने के सम्बन्ध में ।

x=x=x=x=x=x

विधान सभा मार्ग शहर की एक मुख्य मार्ग है जिसपर बहुत से सरकारी एवं अर्द्ध सरकारी कार्यालय स्थित हैं परन्तु लखनऊ महायोजना में इस मार्ग का अधिकांश भाग आवासीय दर्शाया गया है । 22-विधान सभा मार्ग पर यू0पी0स्टेट ऐग्रो इण्डस्ट्रियल कारपोरेशन लि0 का कार्यालय महायोजना प्रभावी होने के पूर्व से स्थित है तथा इस विभाग द्वारा एक बहुखण्डीय भवन का निर्माण प्रस्तावित है जिसके लिये विभाग के प्रबन्ध निदेशक द्वारा वान्छित भू-उपयोग परिवर्तन के अनुरोध का पत्र प्राप्त हुआ है ।

चूकिं वर्तमान में विधान सभा मार्ग के दोनों ओर कार्यालय/व्यवसायिक भू-उपयोग चल रहे हैं अतः इस बिन्दु को दृष्टिगत रखते हुए विभागीय हित में आवासीय से कार्यालय भू-उपयोग परिवर्तन लखनऊ महायोजना में अनुमन्य प्रभावी भू-आच्छादन व एफ0ए0आर0 के साथ करने हेतु प्रस्ताव प्राधिकरण के समक्ष विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है ।

विषय सं०-17

पृष्ठ-32

लखनऊ विकास प्राधिकरण समिति के समक्ष विचारार्थ आख्या

विषयः- कानपुर रोड नगर प्रसार योजना भाग-6 हेतु 904.16 एक भूमि का अर्जन

सारांशः-नगर के सुनियोजित विकास हेतु कानपुर रोड व रायबरेली रोड के मध्य निम्न योजनाओं हेतु अनके सम्मुख अंकित भूमि का अर्जन हेतु पूर्व में विकास प्राधिकरण की स्वीकृति प्राप्त की जा चुकी है:-

1. कानपुर रोड नगर प्रसार योजना भाग-1 563.31 एकड़
2. कानपुर रोड नगर प्रसार योजना भाग-2 504.09 एकड़
3. कानपुर रोड नगर प्रसार योजना भाग-3 1632.62 एकड़
4. कानपुर रोड नगर प्रसार योजना भाग-4 1324.73 एकड़
5. कानपुर रोड नगर प्रसार योजना भाग-5 81.16 एकड़

उक्त योजनाओं में से कानपुर रोड नगर प्रसार योजना भा 5 को छोड़कर शेष की भूमि अध्याप्ति अधिनियम की धार 4 व 6 के अन्तर्गत शासन द्वारा विज्ञप्तियां जारी की जा चुकी है।

अब कानपुर रोड तथा पी0जी0आई0ई0 मध्य कुछ भूमि अर्जन से रह गयी है। इस भूमि को दो चरणों में अर्जित किया जाना प्रस्तावित है। प्रथम चरण में कुल 1228.69 एकड़ भू की एक योजना बनाई गयी है जिसका विवरण निम्नांकित

कृषि भूमि	ग्राम समाज भूमि	छोड़ी जाने वाली भूमि	वन विभाग भूमि
904.16 एकड़	289.02 एकड़	27.17एकड़	8.34 एकड़

इस भूमि में से 904.16 एकड़ भूमि का अर्जन किये जाने हेतु भूमि अध्याप्ति अधिनियम की धारा 17 के प्राविधानों सहित विज्ञप्तियां जारी करने के लिये प्रस्ताव शासन को भेजने हेतु विकास प्राधिकरण का अनुमोदन अपेक्षित है।

उपाध्यक्ष	सचिव

प्राधिकारी अधिकारी-अर्जन

लखनऊ विकास प्राधिकरण समिति के समक्ष विचारार्थ आख्या

योजना का नाम:-

आर0टी0ओ0 काम्पलेक्स, लखनऊ ।

योजना की स्थिति तथा क्षेत्रफल

गौतम बुद्ध मार्ग प्रांगण श्री राम अनाथालय जिसमें पहले आर0टी0ओ0 का कार्यालय था में उपरोक्त योजना का निर्माण प्रस्तावित है इस योजना के अन्तर्गत सम्पूर्ण भूमि का क्षेत्रफल 14369 वर्गमी0 है । गौतम बुद्ध मार्ग पर स्थिति होने के कारण तथा लाटूश रोड व अमीनाबाद के निकट होने के कारण इस भूमि पर व्यवसायिक काम्पलेक्स का निर्माण प्रस्तावित है ।

योजना की अभिकल्पना

वर्तमान समय में अमीनाबाद एवं श्री राम रोड पर दुकानियों सड़क के किनारे अनेको सुझावों के निर्माण के कारण बहुत कनेजेशन है । समय के साथ आस-पास में विस्तार हेतु भूमि की अनुपलब्धता के कारण कनजेशन बढ़ता ही जा रहा है जिससे जन समुदाय को न केवल यातायात में दिक्कत होती है बल्कि भीड-भाड के कारण खरीददारी भी परेशानी उठानी पड़ती है । उपरोक्त को दृष्टिगत रखते हुए अमीनाबाद व श्री राम रोड के निकट गौमतबुद्ध मार्ग पर स्थिति नजूल भूमि जिस पर पूर्व में आर0टी0ओ0 आफिस व श्रीराम अनाथालय [illegible] का आफिस था में से श्री राम अनाथालय को अलीगंज योजना में एक लगभग 20 लाख रूपये की लागत का भवन लखनऊ विकास प्राधिकरण द्व अपने ही श्रोतो से निर्माण करावहाँ बसाया गया है । इसी प्रकार ल विकास प्राधिकरण द्वारा 2.50 लाख रूपये श्री राम अनाथालय को प्र वर्ष भी दिये जा रहे है । इसी प्रकार आर0टी0ओ0 आफिस को अल गंज शापिंग काम्पलेक्स में किराये पर भूमि उपलब्ध करायी गयी । आ टी0ओ0 व श्रीराम अनाथालय को लाटूश रोड से हटाने के पश्चात ल विकास प्राधिकरण द्वारा इस पर बहुमंजिले व्यवसायिक एवं आफिस काम्पलेक्स का निर्माण प्रस्तावित किया गया है ताकि अमीनाबाद, श्री राम रोड में कनेजेशन कम हो सके और इस क्षेत्र की दुकानें, कंपनीआपि

...2

एजेन्सी आदि एक ही प्लान्ड काम्पलेक्स में एसटेबिलिस हो सकें, साथ ही जो दुकानदार फुटपाथ पर दुकान लगाते है तथा आवासीय क्षेत्र में जो आफिस चल रहे है उन्हे भी निकालकर इस काम्पलेक्स में ले जाने का प्रस्ताव किया गया है । इस काम्पलेक्स के अन्तर्गत बेसमेन्ट+ 4 मंजिले व्यवसायिक केन्द्र का निर्माण किया जायेगा जिसमें दुकानें, शो रूम, डिपार्टमेन्ट स्टोर एवं रेस्टोरेन्ट सम्मिलित है । इसी काम्पलेक्स में 13 मंजिले आफिस ब्लाक का निर्माण भी किया जायेगा । आफिस ब्लाक के बेसमेन्ट में पार्किंग का प्राविधान किया गया है जो कि सम्पूर्ण काम्पलेक्स हेतु पर्याप्त होगा । भूतल पर भी कुछ पार्किंग का प्राविधान है । इसके अतिरिक्त शेष भूमि पर फव्वारे आदि लगाकर ब्यूटीफिकेशन किया जायेगा कुछ कियास्क का निर्माण भी किया जाना प्रस्तावित है ताकि फुटपाथ के दुकानदारों को भी बसाया जा सके। सम्पूर्ण काम्पलेक्स हेतु वाटर सप्लाई, इलेक्ट्रीफिकेशन, फायर फाइटिंग, लिफ्ट, सीढी आदि का पर्याप्त रूप से प्राविधान किया गया है । फायर फाइटिंग फैसिलिटीज के पर्याप्त होने के सम्बन्ध में फायर आफिसर द्वारा प्रमाण पत्र भी दिया जा चुका है । इस प्रकार यह काम्पलेक्स पूर्णतया जन समुदाय की वर्तमान आवश्यतानुसार प्रस्तावित किया गया है ।

योजना की लागत

इस काम्पलेक्स के निर्माण हेतु उ0प्र0राजकीय निर्माण निगम द्वारा सहमति प्रदान कर दी गयी है तथा उनके द्वारा इस योजना हेतु एक विस्तृत व्यानुमान भेजा है जो कि प्लिन्थ एरिया रेट पर आधारित है। उ0प्र0रा0नि0नि0 द्वारा जो कुल प्रोजेक्ट कास्ट निकाली गयी है वह एयर कंडीशनिंग के साथ रू0 17.99 करोड आती है तथा एयर कंडीशनिंग का प्राविधान न किये जाने की दशा में 14.69 करोड आती है । प्रोजेक्ट कास्ट में निर्माण कार्य, विकास कार्य, इलेक्ट्रिक सब स्टेशन का निर्माण, फायर एलार्म, डीजल जनरेटर, टेलीफोन कन्ड्यूट, लाइटनिंग कंडक्टर, कंटीजेन्सी स्वायल टेस्टिंग, निर्माण अवधि में दर वृद्धि तथा आर्कीटैक्ट को दी जाने वाली फीस को सम्मिलित किया गया है ।

योजना की आर्थिक विवेचना

[illegible]

योजना का वित्त पो षण,

सम्पूर्ण योजना को स्ववित्त पोषित योजना के अन्तर्गत निर्मित किया जाना प्रस्तावित है परन्तु जब तक पंजीकरण आदि नही होता है तब तक वित्त पोष्ण में दिक्कत आ सकती है । चूँकि उ0प्र0 रा0 नि0नि0 तुरन्त योजना का निर्माण कराना चाहता है । अत: योजना को शुरूआत करने हेतु 6 माह तक 50.00 लाख रुपये बैंक लोन का प्राविधान किया गया है ।

कृपया उपरोक्त योजना को प्राधिकरण की स्वीकृति प्रदान करने का कष्ट करें ताकि तुरन्त योजना का निर्माण प्रारम्भ किया जा सके ।

§ उपाध्यक्ष §

§ सचिव §

ललित मेहरोत्रा

§ प्रभारी अधिकारी-अर्जन §

STATEMENT SHOWING AREA CHART

1. Total Area Under Scheme = 14396 SQ.M.

2. Ground Coverage For Shopping Office and Services = 2879 SQ.M.

3. DETAIL OF SALEABLE AREA :

A. Shopping Block :

(i)	Basement	1092 SQ.M.
(ii)	Ground Floor	1040 SQ.M.
(iii)	First Floor	1201 SQ.M.
(iv)	Second Floor	958 SQ.M.
(v)	Third Floor	562 SQ.M.
(vi)	Open Area On Terrace Floor Available For Selling	984 SQ.M.

B. Office Block :

(i)	Ground Floor	840 SQ.M.
(ii)	First Floor	850 SQ.M.
(iii)	Second Floor	1095 SQ.M.
(iv)	Third Floor	1133 SQ.M.
(v)	Fourth Floor	1154 SQ.M.
(vi)	Fifth Floor	1260 SQ.M.
(vii)	Sixth Floor	1380 SQ.M.
(viii)	Seventh Floor	1380 SQ.M.
(ix)	Eaigth Floor	1324 SQ.M.
(x)	Ninth Floor	1324 SQ.M.
(xi)	Tenth Floor	1260 SQ.M.
(xii)	Eleventh Floor	1170 SQ.M.
(xiii)	Twelvth Floor	1038 SQ.M.

TOTAL NO. OF SHOPS ON VARIOUS FLOORS

1- Basement	52 shops
2- Ground Floor	38 shops
3- First Floor	40 shops
4- Second Floor	46 shops
5- Third Floo —	15 Shops, 3 Restaurant

STATEMENT SHOWING PROJECT COST

	WITH A/C IN LACS	WITHOUT A/C IN LACS
1. Cost of construction, development and other expenditure as per statement given by UPRNN (Annexure 'A')	1799.00	1469.00
2. Cost of raw Land 14369 SQ.M. @ 38.50 per Sq.ft. (As per Note given below)	59.55	59.55
	1858.55	1528.55
3. Administrative Charges @5%	92.93	76.43
	1951.48	1604.98
4. Interest @ 15% on Rs. 50.00 Lacs (For Six Months)	3.75	3.75
	1955.23	1608.73
5. Provision for future Contingencies and maintenance @ 10%	195.52	160.87
	2150.75	1769.60
6. Add for New Orphnage Building with abutting land and 2.50 Lacs per year payment to Orphnage	40.00	40.00
	2190.75	1809.60

NOTE:

(1) Cost OF Raw Land:

Rate fixed by District Magistrate for residential use is Rs.35/- per Sq.ft. Due to 30' Road the cost of Land will be charged 10% extra of D.M. rate i.e. Rs. 38.50 per Sq.ft. Due to commercial use the cost of land charged Rs. 77.00 per Sq.ft. Therefore cost of Raw Land Rs. 38.50 per SQ.FT.

(2) The above scheme proposed as Self Financing Scheme but provision for Bank Loan of Rs 50.00 Lacs for intial stage is made in the project cost.

STATEMENT SHOWING DIFFERENTIAL RATE FOR SHOP AND OFFICE

	WITH A/C Rate per SQ.M.	WITHOUT A/C Rate per SQ.M.
(A) SHOPPING BLOCK		
(i) Basement	14,600/-	12,000/-
(ii) Ground Floor	15,700/-	13,000/-
(iii) First Floor	14,000/-	11,500/-
(iv) Second Floor	13,400/-	11,000/-
(v) Third Floor	12,700/-	10,500/-
(vi) Open Area On Terrace floor available for selling	12,100/-	10,000/-
(B) OFFICE BLOCK		
(i) Ground Floor	13,400/-	11,000/-
(ii) First Floor	13,400/-	11,000/-
(iii) Second Floor	13,400/-	11,000/-
(iv) Third Floor	12,700/-	10,500/-
(v) Fourth Floor	12,700/-	10,500/-
(vi) Fifth Floor	12,700/-	10,500/-
(vii) Sixth Floor	12,700/-	10,500/-
(viii) Seventh Floor	12,700/-	10,500/-
(ix) Eighth Floor	12,100/-	10,000/-
(x) Ninth Floor	12,100/-	10,000/-
(xi) Tenth Floor	12,100/-	10,000/-
(xii) Eleventh Floor	11,600/-	9,500/-
(xiii) Twelvth Floor	11,600/-	9,500/-

STATEMENT SHOWING PROFITABILITY

FLOOR	AREA IN SQ.M.	RATE PER SQ.M. (WITHOUT A/C)	TOTAL INCOME (WITHOUT A/C) IN LACS	RATE PER SQ.M (WITH A/C)	TOTAL INCOME (WITH A/C) IN LACS
SHOPPING					
(i) Basement	1092.00	12,000/-	1[illegible]4	14,600/-	159.43
(ii) Ground Floor	1040.00	13,000/-	135.2[illegible]	15,700/-	163.28
(iii) First Floor	1201.00	11,500/-	138.12	14,000/-	168.14
(iv) Second Floor	958.00	11,000/-	105.38	13,400/-	128.37
(v) Third Floor	562.00	10,500/-	59.01	2,700/-	71.37
(vi) Open Area on Terrace Floor available for selling	984.00	10,000/-	98.40	12,100/	119.06
OFFICE					
(i) Ground, First and Second Floors	2785.00	11,000/-	306.35	13,400/-	373.19
(ii) Third, Fourth, Fifth Sixth & Seventh Floors	6307.00	10,500/-	662.24	12,700/-	800.99
(iii) Eighth, Ninth, & Tenth Floors	3908.00	10,000/-	390.80	12,100/-	472.87
(iv) Eleventh & Twelvth Floors	2208.00	9,500/-	209.76	11,600/-	256.13
			2236.30		2712.83

ⓐ TOTAL INCOME — 2236.30

ⓑ TOTAL EXPENDITURE (As per page NO.) — 1809.60

ⓒ PROFIT — 426.70 — [illegible] 522.08

ⓓ PERCENTAGE OF PROFIT — $\frac{426.70 \times 100}{1809.60}$ = 23.58% — $\frac{522.08 \times 100}{2190.75}$ = 23.83%

विषय सँख्याः 19 पृष्ठ सँख्याः 41

विषयः **जनपथ में निर्मित दुकानों को विस्थापितों को बिक्रय किये जाने से सम्बन्धित**

आस्याः जनपथ मार्केट में निर्मित दुकानों के बिक्रय से सम्बन्धित विषय प्राधिकरण की बैठक दिनाँक 26·7·86 में विषय सँख्याः 7 के अर्न्तगत रखा गया था ।

